# प्रो. खंडूजा वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसिज की फैलो नियुक्त

प्रो. खंडूजा वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसिज की फैलो नियुक्त

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़



पंजाबयूनिवर्सिटी के एल्युमनी और मैथेमेटिक्स डिपार्टमेंट के पूर्व प्रोफेसर सुदेश कौर खंडूजा को वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसिज का फैलो चुना गया है। एकेडमी एक ग्लोबल साइंस एकेडमी है जिसका मुख्यालय ट्रेस्टी, इटली में है और ये विकासशील देशों में एडवांस साइंस एंड इंजीनियरिंग के लिए कार्यरत है। उनका चयन एकेडमी की 27वीं आम बैठक में किया गया जोकि किगाली, रवांडा में हुई।

पीयू के वाइस चांसलर प्रो. अरुण कुमार ग्रोवर ने इस चयन के लिए खंडूजा को बधाई दी है। इस सफलता के लिए प्रो. खंडूजा ने अपने प्रोफेसर्स प्रो.आरपी बांभा, प्रो. आईएस लूथर, प्रो.आरजे हंस गिल का धन्यवाद किया जिनके कुशल निरीक्षण में उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की और फिर इसी विभाग में पढ़ाया भी।